# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–20 दिसम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान करीब दो सौ पचास लोगों की समस्यायें सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जनता दर्शन के दौरान विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी किये जाने की शिकायत सामने आने पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ठगी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से पीड़ितों का पैसा भी वापस दिलाया जाए।

**********

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा आज किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय–केजीएमयू लखनऊ के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। एक समय था जब देश में केवल तीन सौ सतासी मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन आज यह संख्या बढ़कर आठ सौ उन्नीस मेडिकल कॉलेजों तक पहुंच चुकी है। श्री नड्डा ने कहा कि देश की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र को सक्षम बनाया है।

***जहां एक ऑल इण्डिया मेडिकल साइंसेज होता था आज वहां 23 ऑल इण्डिया मेडिकल साइंसेज है। इसमें आज देश की जो आवश्यकता है उसके लिये पॉलिसी मेकर्स ने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत को सक्षम बनाया है।***

समारोह को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने भी सम्बोधित किया। समारोह के दौरान कुल दो हजार चार सौ से अधिक छात्र–छात्राओं को डिग्री प्रदान किये गये। केन्द्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉक्टर अजय सूद को डी–एससी की मानद उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, चिकित्सा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, केजीएमयू की कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद भी मौजूद रहीं।

**********

केन्द्र सरकार ने वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताइस के बजट के लिए नागरिकों से सुझाव और विचार आमंत्रित किए हैं। बजट फरवरी में पेश किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य समावेशी विकास और राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा देते हुए जनता की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखना है। सुझाव ृण्उलहवअण्पद पोर्टल पर भेजे जा सकते हैं।

**********

नागर विमानन मंत्रालय ने कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति को देखते हुए सभी विमानन कंपनियों को यात्री सुविधा संबंधी मानदंडों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि विमानन कंपनियों को समय पर और सटीक उड़ान की जानकारी सुनिश्चित करने, लंबी देरी के दौरान भोजन और जलपान की व्यवस्था कराने और उड़ान रद्द होने की स्थिति में दुबारा बुकिंग या धनवापसी की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

**********

भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है। एक रिपोर्ट–

***नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने कहा है कि देश के विमान बेड़े की संख्या 2014 में 395 की तुलना में 2025 में बढकर 844 हो गई है। उन्होंने नागर विमानन मंत्रालय के अधीन नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि पिछले एक दशक में, देश में यात्रियों की संख्या में प्रतिवर्ष औसतन 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि माल ढुलाई में 2 दशमलव 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। समाचार कक्ष से मैं मनोज।***

**********

राजस्व लेखपाल भर्ती में आरक्षण सम्बन्धी विसंगतियों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चेतावनी के बाद राजस्व परिषद श्रेणीवार रिक्तियों की दोबारा समीक्षा कर रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राजस्व परिषद भर्ती को लेकर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को दोबारा संशोधित अधियाचन भेजेगा। इस प्रकरण में मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकारी भर्तियों में आरक्षण व्यवस्था का अक्षरशः पालन अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी है कि आरक्षण से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की विसंगति पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी।

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव भव्यता से मनाने की तैयारी की जा रही है। आयोजन को लेकर आज विभिन्न मंदिरों के संतों और ट्रस्ट के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुयी। ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि उन्तीस दिसम्बर से दो जनवरी तक होने वाले उत्सव के दौरान श्रीराम मंदिर परिसर में नियमित दर्शन स्वाभाविक रूप से जारी रहेगा।

**********

प्रदेश भर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। गोरखपुर सहित प्रदेश के कुछ पूर्वी जिलों में आज सुबह से चल रही सर्द हवाओं ने गलन का एहसास काफी बढ़ा दिया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य के पूर्वी हिस्से में अनेक स्थानों पर घने कोहरे और शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है।

**********